IGNOU Hindi

Topic:- PHDHIN_IGNOU_FEB22_SET1

1) अनुसंधान का मूल लक्ष्य है–

[Question ID = 701][Question Description = 101_1464_HIND_FEB22_Q01]

1. तथ्य का पता लगाना [Option ID = 2801]
2. सत्य का अन्वेषण [Option ID = 2802]
3. तथ्यों का विश्लेषण [Option ID = 2803]
4. सत्य के प्रति जिज्ञासा [Option ID = 2804]

2) निम्नलिखित में से कौन -सा तथ्य अनुसंधान से जुड़ा हुआ नहीं है?[Question ID = 702][Question Description = 102_1464_HIND_FEB22_Q02]

1. सोद्देश्यता [Option ID = 2805]
2. व्यवस्थित जानकारी [Option ID = 2806]
3. समुचित विश्लेषण के लिए परिकल्पना अनावश्यक [Option ID = 2807]
4. सिद्धांत का निरूपण [Option ID = 2808]

3) रामचन्द्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' की भूमिका में शिवसिंह सेंगर, जॉर्ज ग्रियर्सन और मिश्रबंधुओं के इतिहास ग्रन्थ को किस शब्द से अभिहित किया है?[Question ID = 703][Question Description = 103_1464_HIND_FEB22_Q03]

1. इतिहास [Option ID = 2809]
2. इतिहास ग्रंथ [Option ID = 2810]
3. कविवृत्त संग्रह [Option ID = 2811]
4. कवि कृति संग्रह [Option ID = 2812]

4) 'हिन्दी साहित्य का इतिहास'(संपा. डॉ. नगेन्द्र) के अनुसार सरहपा को हिन्दी का प्रथम कवि न मानने वाले विद्वानों का तर्क है–[Question ID = 704][Question Description = 104_1464_HIND_FEB22_Q04]

1. उनकी रचनाएँ अपभ्रंश साहित्य का अंग हैं [Option ID = 2813]
2. उनकी रचनाएँ साहित्यिक नहीं हैं [Option ID = 2814]
3. उनकी भाषा में हिन्दी के प्रारंभिक रूप के दर्शन नहीं होते हैं [Option ID = 2815]
4. उनकी रचनाओं में प्राकृताभास है [Option ID = 2816]

5) 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' के लेखक हैं–[Question ID = 705][Question Description = 105_1464_HIND_FEB22_Q05]

1. विश्वनाथप्रसाद मिश्र [Option ID = 2817]
2. रामकुमार वर्मा [Option ID = 2818]
3. धीरेन्द्र वर्मा [Option ID = 2819]
4. गणपतिचन्द्र गुप्त [Option ID = 2820]

6) 'हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास' की लेखिका हैं–[Question ID = 706][Question Description = 106_1464_HIND_FEB22_Q06]

1. निर्मला जैन [Option ID = 2821]
2. सुमन राजे [Option ID = 2822]
3. महादेवी वर्मा [Option ID = 2823]
4. कीर्ति चौधरी [Option ID = 2824]

7) जाति और धर्म के संबंध में नाथपंथी योगियों के क्या विचार थे ?[Question ID = 707][Question Description = 107_1464_HIND_FEB22_Q07]

1. वे कट्टर जातिवादी और धार्मिक थे l [Option ID = 2825]
2. इस मामले में वे थोड़े उदार थे l [Option ID = 2826]
3. वे धर्म और जाति के अर्ध समर्थक थे l [Option ID = 2827]
4. वे जाति और धर्म के भेदभाव को दूर करने के पक्षधर थेl [Option ID = 2828]

8) 'पउम चरिउ' की विषयवस्तु है–[Question ID = 708][Question Description = 108_1464_HIND_FEB22_Q08]

1. रामकथा [Option ID = 2829]
2. कृष्णकथा [Option ID = 2830]
3. शिवकथा [Option ID = 2831]
4. वर्धमान महावीर की कथा [Option ID = 2832]

9) 'पद्मावती समय' किस काव्य-ग्रन्थ का अंग है?[Question ID = 709][Question Description = 109_1464_HIND_FEB22_Q09]

1. पदमावत [Option ID = 2833]
2. पृथ्वीराज रासो [Option ID = 2834]
3. मधुमालती [Option ID = 2835]
4. बीसलदेव रासो [Option ID = 2836]

10) "खुसरू रैन सोहाग की, जागी पी के संग

तन मेरो मन पीउ को दोऊ भए एक रंग "

इस दोहे में प्रयुक्त 'एक रंग' का अभिप्राय है—

[Question ID = 710][Question Description = 110_1464_HIND_FEB22_Q10]

1. एक स्थान पर निवास [Option ID = 2837]
2. एक विचार को मानना [Option ID = 2838]
3. प्रेम में अद्वैत की स्थिति [Option ID = 2839]
4. प्रेमी-प्रेमिका का अपने-अपने अस्तित्व का बोध [Option ID = 2840]

11) 'स्त्रियों को ससुराल में मायके जैसी स्वतंत्रता हासिल नहीं होती है ' इस भाव की अभिव्यक्ति 'पदमावत' के किस खंड में हुई है?

[Question ID = 711][Question Description = 111_1464_HIND_FEB22_Q11]

1. नागमती वियोग खंड [Option ID = 2841]
2. मानसरोदक खंड [Option ID = 2842]
3. रत्नसेन-विदाई खंड [Option ID = 2843]
4. स्त्री-भेद-वर्णन खंड [Option ID = 2844]

12) "हीन भएँ जल मीन अधीन, कहा कछु मो अकुलानि समानै

नीरसनेही कों लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानै "

इस सवैये में 'नीरसनेही' शब्द से प्रेमी के किस स्वभाव का पता चलता है?

[Question ID = 712][Question Description = 112_1464_HIND_FEB22_Q12]

1. स्नेहिल स्वभाव [Option ID = 2845]
2. मृदुता [Option ID = 2846]
3. सरलता [Option ID = 2847]
4. निष्ठुरता [Option ID = 2848]

13) "मानव जीवन वेदी पर परिणय हो विरह मिलन का

दुख सुख दोनों नाचेंगे है खेल आँख का मन का "

इन पंक्तियों में कवि ने क्या प्रतिपादित किया है?

[Question ID = 713][Question Description = 113_1464_HIND_FEB22_Q13]

1. प्रेम में संयोग-वियोग को समान भाव से लें [Option ID = 2849]
2. प्रेम में विरह की स्थिति में ही सुख मिलता है [Option ID = 2850]
3. सुख-दुःख आँख और मन का खेल मात्र हैं [Option ID = 2851]
4. प्रेम में सुख ही काम्य है [Option ID = 2852]

14) प्रगतिशील आन्दोलन के शुरू होने से क्या हुआ?

[Question ID = 714][Question Description = 114_1464_HIND_FEB22_Q14]

1. राष्ट्रीय चेतना उत्पन्न हुई [Option ID = 2853]
2. सांस्कृतिक चेतना में तेजी आई [Option ID = 2854]
3. लेखकों में विशिष्ट सामाजिक चेतना उत्पन्न हुई [Option ID = 2855]
4. कविता के केन्द्र में किसान आ गए [Option ID = 2856]

15) प्रयोगवाद से किन प्रवृतियों का आरंभ हुआ?

[Question ID = 715][Question Description = 115_1464_HIND_FEB22_Q15]

1. भावुकतापरक व्यक्तिवादी भावना

   [Option ID = 2857]
2. आधुनिकतावाद

   [Option ID = 2858]
3. मानवतावाद

   [Option ID = 2859]
4. ग्रामोन्मुख जीवन की छवियाँ

   [Option ID = 2860]

16) निम्नलिखित में से कौन-सी रचना दिनकर के आरंभिक काव्य संग्रहों में नहीं है?[Question ID = 716][Question Description = 116_1464_HIND_FEB22_Q16]

1. रेणुका [Option ID = 2861]
2. रसवंती [Option ID = 2862]
3. द्वंद्वगीत [Option ID = 2863]
4. रश्मिरथी [Option ID = 2864]

17) 'साकेत' में कितने सर्ग हैं?[Question ID = 717][Question Description = 117_1464_HIND_FEB22_Q17]

1. 7 [Option ID = 2865]
2. 9 [Option ID = 2866]
3. 11 [Option ID = 2867]
4. 12 [Option ID = 2868]

18) 'हरिजन-गाथा' कविता नागार्जुन के किस काव्य-संग्रह में संकलित है?[Question ID = 718][Question Description = 118_1464_HIND_FEB22_Q18]

1. युगधारा [Option ID = 2869]
2. खिचड़ी विप्लव देखा हमने [Option ID = 2870]
3. पुरानी जूतियों का कोरस [Option ID = 2871]
4. प्यासी पथराई आँखें [Option ID = 2872]

19) "जब मैं बाहर आया / मेरे हाथों में

एक कविता थी और दिमाग में / आँतों का एक्स-रे "

ये काव्य-पंक्तियाँ धूमिल की किस कविता का अंश हैं ?

[Question ID = 719][Question Description = 119_1464_HIND_FEB22_Q19]

1. भाषा की रात [Option ID = 2873]
2. मोचीराम [Option ID = 2874]
3. पटकथा [Option ID = 2875]
4. शहर का व्याकरण [Option ID = 2876]

20) "कवित्त छन्द, मुझे ऐसा जान पड़ता है, हिन्दी का औरसजात नहीं, पोष्य-पुत्र है; न जाने, यह हिन्दी में कैसे और कहाँ से आ गया?"
पन्त ने यह विचार अपनी किस काव्य कृति की भूमिका में व्यक्त किया है?

[Question ID = 720][Question Description = 120_1464_HIND_FEB22_Q20]

1. पल्लव [Option ID = 2877]
2. युगवाणी [Option ID = 2878]
3. ग्राम्या [Option ID = 2879]
4. चिदंबरा [Option ID = 2880]

21) 'उत्तर कबीर और अन्य कविताएँ' का प्रकाशन वर्ष है—[Question ID = 721][Question Description = 121_1464_HIND_FEB22_Q21]

1. 1985 [Option ID = 2881]
2. 1988 [Option ID = 2882]
3. 1995 [Option ID = 2883]
4. 1997 [Option ID = 2884]

22) दिनकर की किस काव्य कृति को 'गीति नाट्य' भी कहा गया है?[Question ID = 722][Question Description = 122_1464_HIND_FEB22_Q22]

1. सामधेनी [Option ID = 2885]
2. रश्मिरथी [Option ID = 2886]
3. उर्वशी [Option ID = 2887]
4. रेणुका [Option ID = 2888]

23) "मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ

जा तन की झाईं परैं स्यामु हरित-दुति होइ "

इस दोहे में प्रयुक्त 'झाईं' शब्द का कौन-सा अर्थ उससे संबंधित नहीं है?

[Question ID = 723][Question Description = 123_1464_HIND_FEB22_Q23]

1. परछाँहीं [Option ID = 2889]
2. झलक [Option ID = 2890]
3. दृष्टि [Option ID = 2891]
4. ध्यान [Option ID = 2892]

24) "फाग की भीर अभीरन में गहि गोबिंद लै गई भीतर गोरी।

भाइ करी मन की पद्माकर ऊपर नाइ अबीर की झोरी।"

इस सवैया में फाग के बहाने समाज की किस मनोवृत्ति का आभास होता है?

[Question ID = 724][Question Description = 124_1464_HIND_FEB22_Q24]

1. फाग के समय पुरुषों का अमर्यादित आचरण

   [Option ID = 2893]
2. फाग के समय स्त्रियों की स्वच्छंदता

   [Option ID = 2894]
3. फाग के समय पुरुषों के प्रति स्त्रियों का क्रोध

   [Option ID = 2895]
4. फाग के समय स्त्रियों का अश्लील आचरण

   [Option ID = 2896]

25) 'हंस-जवाहर' का रचनाकाल है –

[Question ID = 725][Question Description = 125_1464_HIND_FEB22_Q25]

1. 1550 ई.

   [Option ID = 2897]
2. 1545 ई.

   [Option ID = 2898]
3. 1644 ई.

   [Option ID = 2899]
4. 1736 ई.

   [Option ID = 2900]

26) "आयो घोष बड़ो ब्योपारी

लादि खेप गुन ज्ञान-जोग की ब्रज में आय उतारी

फाटक दै के हाटक मांगत भोरे निपट सुधारी "

इस पद में मूल व्यंग्य ध्वनि किस शब्द / पद में है?

[Question ID = 726][Question Description = 126_1464_HIND_FEB22_Q26]

1. ब्योपारी [Option ID = 2901]
2. ज्ञान-जोग [Option ID = 2902]
3. फाटक दै के हाटक मांगत [Option ID = 2903]
4. निपट सुधारी [Option ID = 2904]

27) रामचन्द्र शुक्ल ने आधुनिक काल के तृतीय उत्थान के दौरान जिन दो नाटककारों की विशेष प्रशंसा की है उनमें प्रसाद के अलावा दूसरे नाटककार हैं —

[Question ID = 727][Question Description = 127_1464_HIND_FEB22_Q27]

1. लक्ष्मीनारायण मिश्र [Option ID = 2905]
2. गोविन्दवल्लभ पन्त [Option ID = 2906]
3. हरिकृष्ण प्रेमी [Option ID = 2907]
4. जगन्नाथप्रसाद मिलिंद [Option ID = 2908]

28) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में कुल कितने अंक हैं? [Question ID = 728][Question Description = 128_1464_HIND_FEB22_Q28]

1. दो [Option ID = 2909]
2. तीन [Option ID = 2910]
3. चार [Option ID = 2911]
4. पाँच [Option ID = 2912]

29) 'छितवन की छाँह' निबंध के लेखक हैं–[Question ID = 729][Question Description = 129_1464_HIND_FEB22_Q29]

1. हजारीप्रसाद द्विवेदी [Option ID = 2913]
2. कुबेरनाथ राय [Option ID = 2914]
3. विवेकी राय [Option ID = 2915]
4. विद्यानिवास मिश्र [Option ID = 2916]

30) निम्नलिखित में यूरोप प्रवास पर आधारित यात्रा संस्मरण है–[Question ID = 730][Question Description = 130_1464_HIND_FEB22_Q30]

1. चीड़ों पर चाँदनी [Option ID = 2917]
2. आखिरी चट्टान [Option ID = 2918]
3. पृथ्वी पृदक्षिणा [Option ID = 2919]
4. वह भी कोई देस है महराज [Option ID = 2920]

31) 'युवराज की यात्रा' रिपोर्ताज के लेखक हैं–

[Question ID = 731][Question Description = 131_1464_HIND_FEB22_Q31]

1. भारतेंदु हरिश्चंद्र [Option ID = 2921]
2. बालकृष्ण भट्ट [Option ID = 2922]
3. रा.पृ. श्रीवास्तव [Option ID = 2923]
4. चंडीप्रसाद सिंह [Option ID = 2924]

32) 'अंतिम अरण्य' उपन्यास के लेखक हैं– [Question ID = 732][Question Description = 132_1464_HIND_FEB22_Q32]

1. अमरकांत [Option ID = 2925]
2. कृष्णा सोबती [Option ID = 2926]
3. निर्मल वर्मा [Option ID = 2927]
4. जगदीश चन्द्र [Option ID = 2928]

33) निम्नलिखित में किसानों की ज़िन्दगी पर आधारित उपन्यास है—[Question ID = 733][Question Description = 133_1464_HIND_FEB22_Q33]

1. फाँस [Option ID = 2929]
2. रेहन पर रग्घू [Option ID = 2930]
3. सहराना [Option ID = 2931]
4. बरखा रचाई [Option ID = 2932]

34) निम्नलिखित में से कौन सी कहानी व्यक्तिगत और मनोवैज्ञानिक भूमिका पर प्रतिष्ठित नहीं है?

[Question ID = 734][Question Description = 134_1464_HIND_FEB22_Q34]

1. खेल [Option ID = 2933]
2. बाहुबली [Option ID = 2934]
3. इन्द्रधनुष [Option ID = 2935]
4. दो चिड़ियाँ [Option ID = 2936]

35) निम्नलिखित में से कौन ग्रामांचल के कथाकार नहीं हैं?[Question ID = 735][Question Description = 135_1464_HIND_FEB22_Q35]

1. शिवप्रसाद सिंह [Option ID = 2937]
2. मार्कंडेय [Option ID = 2938]
3. फणीश्वरनाथ रेणु [Option ID = 2939]
4. भैरवप्रसाद गुप्त [Option ID = 2940]

36) "संस्कृत का कोई भी शब्द मनचाहे ढंग से तोड़-मरोड़कर 'तद्भव' नहीं बनाया जा सकता l" यह विचार किसका है?[Question ID = 736][Question Description = 136_1464_HIND_FEB22_Q36]

1. हरदेव बाहरी [Option ID = 2941]
2. रामविलास शर्मा [Option ID = 2942]
3. भोलानाथ तिवारी [Option ID = 2943]
4. नामवर सिंह [Option ID = 2944]

37) भाषा-परिवर्तन कितने स्तरों पर होता है? [Question ID = 737][Question Description = 137_1464_HIND_FEB22_Q37]

1. दो [Option ID = 2945]
2. तीन [Option ID = 2946]
3. चार [Option ID = 2947]
4. पाँच [Option ID = 2948]

38) 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है? [Question ID = 738][Question Description = 138_1464_HIND_FEB22_Q38]

1. भक्ति रस [Option ID = 2949]
2. शांत रस [Option ID = 2950]
3. वात्सल्य रस [Option ID = 2951]
4. करुण रस [Option ID = 2952]

39) 'काव्य के तत्व' पुस्तक के लेखक हैं–

[Question ID = 739][Question Description = 139_1464_HIND_FEB22_Q39]

1. देवेन्द्रनाथ शर्मा [Option ID = 2953]
2. निर्मला जैन [Option ID = 2954]
3. रामस्वरूप चतुर्वेदी [Option ID = 2955]
4. धनन्जय [Option ID = 2956]

40) निम्नलिखित में से किस विचारक का संबंध उत्तर-आधुनिकतावाद से है? [Question ID = 740][Question Description = 140_1464_HIND_FEB22_Q40]

1. देरिदा [Option ID = 2957]
2. ल्योतार [Option ID = 2958]
3. हेबरमास [Option ID = 2959]
4. जॉर्ज रिट्जर [Option ID = 2960]

41) A : आदिकाल और भक्ति काल में अनेकानेक मतवाद, संप्रदाय और शास्त्र लोकमत के सामने झुक रहे थे।

R : इसीलिए भक्ति आन्दोलन का मूल स्वर लोकवादी हो गया।

I. A सही और R गलत

II. A और R दोनों सही

III. A गलत R सही

IV. A और R दोनों गलत

[Question ID = 741][Question Description = 141_1464_HIND_FEB22_Q41]

1. I [Option ID = 2961]
2. II [Option ID = 2962]
3. III [Option ID = 2963]
4. IV [Option ID = 2964]

42) A : विभिन्न जनपदों में जाकर हिन्दी ने वहाँ की उपभाषाओं से प्रभावित होकर स्थानीय रूप ग्रहण किया।

R : कोई भी भाषा जो सहज रूप से जातीय भाषा बनती है, इसी तरह स्थानीय रूप ग्रहण करती है।

I. A सही और R गलत

II. A और R दोनों सही

III. A गलत R सही

IV. A और R दोनों गलत

[Question ID = 742][Question Description = 142_1464_HIND_FEB22_Q42]

1. I [Option ID = 2965]
2. II [Option ID = 2966]
3. III [Option ID = 2967]
4. IV [Option ID = 2968]

43) A : मसनवी शैली में लिखे गए हिन्दी के प्रेमाख्यान प्रबंधात्मक हैं।

R : इसीलिए मसनवी शैली और भारतीय प्रबंध काव्य दोनों एक ही हैं।

I. A सही और R गलत

II. A और R दोनों सही

III. A गलत R सही

IV. A और R दोनों गलत

[Question ID = 743][Question Description = 143_1464_HIND_FEB22_Q43]

1. I [Option ID = 2969]
2. II [Option ID = 2970]
3. III [Option ID = 2971]
4. IV [Option ID = 2972]

44) A : भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है।

R : इसलिए रस का आस्वाद भक्ति से जुड़े बिना संभव नहीं है।

I. A सही और R गलत

II. A और R दोनों सही

III. A गलत R सही

IV. **A और R दोनों गलत**

[Question ID = 744][Question Description = 144_1464_HIND_FEB22_Q44]

1. I [Option ID = 2973]
2. II [Option ID = 2974]
3. III [Option ID = 2975]
4. IV [Option ID = 2976]

45) A : लूसिएं गोल्डमान का उत्पत्तिमूलक संरचनावाद केवल साहित्य के समाजशास्त्र का सिद्धांत है।

R : हालांकि वह एक तरह से संस्कृति के समाजशास्त्र का सिद्धांत है।

I. **A सही और R गलत**

II. **A और R दोनों सही**

III. **A गलत R सही**

IV. **A और R दोनों गलत**

[Question ID = 745][Question Description = 145_1464_HIND_FEB22_Q45]

1. I [Option ID = 2977]
2. II [Option ID = 2978]
3. III [Option ID = 2979]
4. IV [Option ID = 2980]

46) जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम है–[Question ID = 746][Question Description = 146_1464_HIND_FEB22_Q46]

1. केशवदास, रहीम, बिहारी, सेनापति [Option ID = 2981]
2. रहीम, केशवदास, सेनापति, बिहारी [Option ID = 2982]
3. सेनापति, रहीम, बिहारी, केशवदास [Option ID = 2983]
4. केशवदास, सेनापति, बिहारी, रहीम [Option ID = 2984]

47) प्रकाशन वर्ष के अनुसार नंददुलारे वाजपेयी की पुस्तकों का सही अनुक्रम है– [Question ID = 747][Question Description = 147_1464_HIND_FEB22_Q47]

1. आधुनिक साहित्य, नया साहित्य : नये प्रश्न, आधुनिक काव्य : रचना और विचार, हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी [Option ID = 2985]
2. आधुनिक काव्य : रचना और विचार, हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी, आधुनिक साहित्य, नया साहित्य : नये प्रश्न [Option ID = 2986]
3. नया साहित्य : नये प्रश्न, हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी, आधुनिक काव्य : रचना और विचार, आधुनिक साहित्य [Option ID = 2987]
4. हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी, आधुनिक साहित्य, नया साहित्य : नये प्रश्न, आधुनिक काव्य : रचना और विचार [Option ID = 2988]

48) प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है–[Question ID = 748][Question Description = 148_1464_HIND_FEB22_Q48]

1. रस मीमांसा, इतिहास और आलोचना, छठवां दशक, साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका [Option ID = 2989]
2. इतिहास और आलोचना, छठवां दशक, साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका, रस मीमांसा [Option ID = 2990]
3. साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका, रस मीमांसा, इतिहास और आलोचना, छठवां दशक [Option ID = 2991]
4. छठवां दशक, रस मीमांसा, साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका, इतिहास और आलोचना [Option ID = 2992]

49) नाटक की निम्नलिखित अर्थप्रकृतियों का सही अनुक्रम है– [Question ID = 749][Question Description = 149_1464_HIND_FEB22_Q49]

1. बिंदु, प्रकरी, पताका, बीज [Option ID = 2993]
2. प्रकरी, बीज, बिंदु, पताका [Option ID = 2994]
3. बीज, बिंदु, पताका, प्रकरी [Option ID = 2995]
4. पताका, बीज, प्रकरी, बिंदु [Option ID = 2996]

50) जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है–[Question ID = 750][Question Description = 150_1464_HIND_FEB22_Q50]

1. हेमचन्द्र, स्वयम्भू, लुइपा, पुष्पदंत [Option ID = 2997]
2. पुष्पदंत, स्वयम्भू, हेमचन्द्र, लुइपा [Option ID = 2998]
3. लुइपा, हेमचन्द्र, पुष्पदंत, स्वयम्भू [Option ID = 2999]
4. स्वयम्भू, लुइपा, पुष्पदंत, हेमचन्द्र [Option ID = 3000]

51) 'हिंदी साहित्य का आदिकाल' पुस्तक के बारे में कौन-सा कथन सही है? [Question ID = 751][Question Description = 151_1464_HIND_FEB22_Q51]

1. यह मूलत: हजारीप्रसाद द्विवेदी के पाँच व्याख्यानों का संग्रह है [Option ID = 3001]
2. इसका लेखन मूलत: पुस्तक के रूप में हुआ है [Option ID = 3002]
3. यह अलग-अलग लेखों वाली सम्पादित पुस्तक है [Option ID = 3003]
4. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या इसके सह-लेखक हैं [Option ID = 3004]

52) 'विचार और विवेचन' के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?[Question ID = 752][Question Description = 152_1464_HIND_FEB22_Q52]

1. इसके कतिपय निबंधों के कुछ अंश आकाशवाणी दिल्ली से प्रसारित हो चुके थे [Option ID = 3005]
2. यह 13 लेखों का संग्रह है [Option ID = 3006]
3. इसमें डॉ. नगेन्द्र का रसात्मक दृष्टिकोण और अधिक स्पष्ट होता है [Option ID = 3007]
4. इसमें सम्मिलित सभी लेख कविता से संबंधित हैं [Option ID = 3008]

53) निम्नलिखित में से छायावाद से संबंधित मुकुटधर पांडेय का कौन-सा कथन सत्य है?[Question ID = 753][Question Description = 153_1464_HIND_FEB22_Q53]

1. यथार्थ में छायावाद विषम सामाजिक व्यवस्था का काव्य है [Option ID = 3009]
2. छायावादी कवि रीति ग्रंथों के अनुगामी हैं [Option ID = 3010]
3. छायावाद का क्रीड़ांगन आध्यात्मिक भूमि है [Option ID = 3011]
4. छायावाद शब्द का प्रयोग मैंने रोमैंटिसिज्म के अर्थ में किया है [Option ID = 3012]

54) शांतिप्रिय द्विवेदी के बारे में कौन-सा कथन सत्य है? [Question ID = 754][Question Description = 154_1464_HIND_FEB22_Q54]

1. शांतिप्रिय द्विवेदी छायावाद की जटिल व्याख्या करने वाले आलोचक हैं [Option ID = 3013]
2. शांतिप्रिय द्विवेदी के पास एक काव्य मर्मज्ञ की दुर्लभ अंतर्दृष्टि नहीं थी [Option ID = 3014]
3. शांतिप्रिय द्विवेदी प्रभाववादी आलोचक हैं [Option ID = 3015]
4. रामचंद्र शुक्ल ने उनकी आलोचना का कोई मूल्य स्वीकार नहीं किया था [Option ID = 3016]

55) "वेला क्षण क्षण निकट आ रही क्षितिज क्षीण फिर लीन हुआ;

उदधि डुबा कर अखिल धरा को बस मर्यादाहीन हुआ "

इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त 'वेला' से संबंधित कौन-सा अर्थ सही है?

[Question ID = 755][Question Description = 155_1464_HIND_FEB22_Q55]

1. उत्तुंग तरंगें तट की ओर बढ़ती आ रही थीं [Option ID = 3017]
2. उत्तुंग तरंगें मनु की ओर बढ़ती आ रही थीं [Option ID = 3018]
3. तट मनु की ओर बढ़ता आ रहा था [Option ID = 3019]
4. तरंगें मनु की ओर आ रही थीं और तट तरंगों से दूर जा रहा था [Option ID = 3020]

56) कार्ल पियर्सन ने शोध की वैज्ञानिक प्रणाली के कौन से दो लक्षण बताए हैं?

(1) तथ्यों का सम्यक विभाजन और क्रमानुसार उनके संबंध का संयोजन

(2) पारंपरिक पद्धति पर शोध की परिकल्पना

(3) सृजनात्मक कल्पना के आधार पर वैज्ञानिक नियम का निर्धारण

(4) तथ्यों का आत्मपरक विश्लेषण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

[Question ID = 756][Question Description = 156_1464_HIND_FEB22_Q56]

1. 1 और 2 [Option ID = 3021]
2. 1 और 3 [Option ID = 3022]
3. 2 और 3 [Option ID = 3023]
4. 2 और 4 [Option ID = 3024]

57) खुसरो की पहेलियों और मुकरियों में "उक्तिवैचित्र्य की प्रधानता थी, यद्यपि कुछ रसीले गीत और दोहे भी इन्होंने कहे हैं "

यह कथन किसका है?

[Question ID = 757][Question Description = 157_1464_HIND_FEB22_Q57]

1. रामचन्द्र शुक्ल [Option ID = 3025]
2. माताप्रसाद गुप्त [Option ID = 3026]
3. चन्द्रबली सिंह [Option ID = 3027]
4. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र [Option ID = 3028]

58) निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'पंच मकार' में शामिल नहीं है?[Question ID = 758][Question Description = 158_1464_HIND_FEB22_Q58]

1. मद्य [Option ID = 3029]
2. मांस [Option ID = 3030]
3. मोदक [Option ID = 3031]
4. मैथुन [Option ID = 3032]

59) 'कीर्तिलता' में किस शहर का प्रमुखता से वर्णन हुआ है? [Question ID = 759][Question Description = 159_1464_HIND_FEB22_Q59]

1. कोसल [Option ID = 3033]
2. श्रावस्ती [Option ID = 3034]
3. जौनपुर [Option ID = 3035]
4. पाटलिपुत्र [Option ID = 3036]

60) "दारिद-दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु

दुरित-दहन देखि तुलसी हहा करी "

उक्त काव्य पंक्तियों में 'दरिद्रता' का रूपक किससे बाँधा गया है?

[Question ID = 760][Question Description = 160_1464_HIND_FEB22_Q60]

1. रावण [Option ID = 3037]
2. दीनबंधु [Option ID = 3038]
3. पाप [Option ID = 3039]
4. ज्वाला [Option ID = 3040]

61) "ऊधो! जाहु बांध धरि ल्याओ सुन्दर स्याम पियारो

ब्याहौ लाख, धरौ दस कुबरी, अंतहिं कान्ह हमारो "

इन काव्य पंक्तियों में गोपियाँ कह रही हैं—

[Question ID = 761][Question Description = 161_1464_HIND_FEB22_Q61]

1. हमारे कृष्ण अंत में कुब्जा से ब्याह करेंगे [Option ID = 3041]
2. अंतत: कृष्ण हमसे ही विवाह करेंगे [Option ID = 3042]
3. दूसरों से लाख ब्याह रचा लें, अंत में कृष्ण हमारे पास ही आएंगे [Option ID = 3043]
4. कृष्ण अंतत: हमारे ही हैं [Option ID = 3044]

62) "हौं पंडितन्ह केर पछलगा l किछु कहि चला तबल देइ डगा l"
विनम्रतापरक यह उक्ति किसकी है?

[Question ID = 762][Question Description = 162_1464_HIND_FEB22_Q62]

1. कुतबन [Option ID = 3045]
2. जायसी [Option ID = 3046]
3. मंझन [Option ID = 3047]
4. नूर मुहम्मद [Option ID = 3048]

63) "रस गगन गुफा में अजर झरै

अजपा सुमिरन जाप करै

बिनु चंदा उजियारी दरसै, जंह तंह हंसा नजरि परै "

इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त 'गगन गुफा' का अभिप्राय है—

[Question ID = 763][Question Description = 163_1464_HIND_FEB22_Q63]

1. आकाश स्थित गुफा [Option ID = 3049]
2. आकाशगंगा [Option ID = 3050]
3. सहस्रार चक्र [Option ID = 3051]
4. मूलाधार चक्र [Option ID = 3052]

64) "छुटी न सिसुता की झलक, झलक्यौ जोबनु अंग

दीपत देह दुहून मिलि दिपति ताफ्ता रंग "

इस दोहे में नायिका की किस अवस्था का वर्णन हुआ है?

[Question ID = 764][Question Description = 164_1464_HIND_FEB22_Q64]

1. शैशव [Option ID = 3053]
2. यौवन [Option ID = 3054]
3. वय:संधि [Option ID = 3055]
4. प्रौढ़ावस्था [Option ID = 3056]

65) पद्माकर उस दौर के कवि हैं, जब—[Question ID = 765][Question Description = 165_1464_HIND_FEB22_Q65]

1. देश के कुछ भागों पर अंग्रेजों का अधिकार हो चुका था [Option ID = 3057]
2. भारत में मुग़ल साम्राज्य उत्कर्ष पर था [Option ID = 3058]
3. भारत में कोई सामाजिक आन्दोलन नहीं चल रहा था [Option ID = 3059]
4. हिन्दी में नई चेतना का काव्य लिखा जा रहा था [Option ID = 3060]

66) अभिव्यंजना की दृष्टि से घनानंद की कविता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है—[Question ID = 766][Question Description = 166_1464_HIND_FEB22_Q66]
1. मानवीकरण [Option ID = 3061]
2. श्लेष [Option ID = 3062]
3. व्यंग्य ध्वनि [Option ID = 3063]
4. विरोधवैचित्र्य [Option ID = 3064]

67) निम्नलिखित में से किस कवि ने समस्यापूर्ति वाली कविता नहीं लिखी है?[Question ID = 767][Question Description = 167_1464_HIND_FEB22_Q67]
1. भारतेंदु हरिश्चंद्र [Option ID = 3065]
2. राय देवीप्रसाद 'पूर्ण' [Option ID = 3066]
3. अम्बिकादत्त व्यास [Option ID = 3067]
4. प्रतापनारायण मिश्र [Option ID = 3068]

68) 'जगतसचाई सार' किसकी काव्यकृति है?

[Question ID = 768][Question Description = 168_1464_HIND_FEB22_Q68]
1. रामचरित उपाध्याय [Option ID = 3069]
2. गोपाल सिंह नेपाली [Option ID = 3070]
3. श्रीधर पाठक [Option ID = 3071]
4. महावीर प्रसाद द्विवेदी [Option ID = 3072]

69) 'राम की शक्तिपूजा' का उल्लेख किस ग्रन्थ में हुआ है?

[Question ID = 769][Question Description = 169_1464_HIND_FEB22_Q69]
1. देवी भागवत पुराण

   [Option ID = 3073]
2. श्रीमद्भागवत पुराण

   [Option ID = 3074]
3. स्कन्द पुराण

   [Option ID = 3075]
4. नारदीय सूक्त

   [Option ID = 3076]

70) 'त्रिधारा' किसका काव्य संकलन है?[Question ID = 770][Question Description = 170_1464_HIND_FEB22_Q70]
1. सियारामशरण गुप्त [Option ID = 3077]
2. सुभद्राकुमारी चौहान [Option ID = 3078]
3. भगवतीचरण वर्मा [Option ID = 3079]
4. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' [Option ID = 3080]

71) 'भौतिकवादी विचारधारा' का अभिप्राय है, वह विचारधारा—[Question ID = 771][Question Description = 171_1464_HIND_FEB22_Q71]
1. जो जगत को काल्पनिक मानती है [Option ID = 3081]
2. जो जगत को असत्य मानती है [Option ID = 3082]
3. जो जगत को अर्ध-सत्य मानती है [Option ID = 3083]
4. जो जगत को वास्तविक मानती है [Option ID = 3084]

72) अस्तित्ववादियों की दृष्टि में सत्य-असत्य और न्याय-अन्याय—[Question ID = 772][Question Description = 172_1464_HIND_FEB22_Q72]
1. निरर्थक है [Option ID = 3085]
2. आवश्यक है [Option ID = 3086]
3. समाज का चरम मूल्य है [Option ID = 3087]
4. केवल अध्यात्म के क्षेत्र में आवश्यक है [Option ID = 3088]

73) प्रगतिशील कवियों की दृष्टि में साहित्य—[Question ID = 773][Question Description = 173_1464_HIND_FEB22_Q73]
1. मनोरंजन की वस्तु है [Option ID = 3089]
2. मूलतः मनोरंजनप्रधान है, फिर भी कुछ काम की चीज़ है [Option ID = 3090]
3. सामाजिक परिवर्तन के लिए उपयोगी है [Option ID = 3091]
4. कुछ व्यक्तियों के हृदय परिवर्तन के लिए उपयोगी है [Option ID = 3092]

74) प्रयोगवादी या अकवितावादी नये कवियों ने साहित्य में 'यौन मुक्ति' को—[Question ID = 774][Question Description = 174_1464_HIND_FEB22_Q74]

1. शालीन भाव से लिया [Option ID = 3093]
2. उन्मुक्त भाव से लिया [Option ID = 3094]
3. सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखा [Option ID = 3095]
4. आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़कर देखा [Option ID = 3096]

75) देश की दुर्दशा निहारोगे
डूबते को कभी उबारोगे?

'स्कंदगुप्त' के किस चरित्र ने इस गीत को गाया है?

[Question ID = 775][Question Description = 175_1464_HIND_FEB22_Q75]

1. स्कंदगुप्त [Option ID = 3097]
2. पर्णदत्त [Option ID = 3098]
3. देवसेना [Option ID = 3099]
4. मातृगुप्त [Option ID = 3100]

76) 'अशोक के फूल' का प्रकाशन वर्ष है—[Question ID = 776][Question Description = 176_1464_HIND_FEB22_Q76]

1. 1945 [Option ID = 3101]
2. 1948 [Option ID = 3102]
3. 1952 [Option ID = 3103]
4. 1955 [Option ID = 3104]

77) 'अतीत के चलचित्र' किस विधा की रचना है?

[Question ID = 777][Question Description = 177_1464_HIND_FEB22_Q77]

1. संस्मरण

   [Option ID = 3105]
2. यात्रावृत्तान्त

   [Option ID = 3106]
3. रिपोर्ताज

   [Option ID = 3107]
4. रेखाचित्र

   [Option ID = 3108]

78) 'अगर मैंने 'गोदान' लिखा होता तो मैं इससे शहरी जीवन को निकाल देता इससे उपन्यास में अंतरंगता आती और वह अधिक सुगठित हो जाता '

गोदान के सम्बंध में इस तरह की टिप्पणी किसकी है?

[Question ID = 778][Question Description = 178_1464_HIND_FEB22_Q78]

1. जैनेन्द्र [Option ID = 3109]
2. भगवतीचरण वर्मा [Option ID = 3110]
3. यशपाल [Option ID = 3111]
4. अज्ञेय [Option ID = 3112]

79) 'महाभोज' की केंद्रीय समस्या है—[Question ID = 779][Question Description = 179_1464_HIND_FEB22_Q79]

1. सामाजिक विसंगति का पर्दाफाश [Option ID = 3113]
2. सांस्कृतिक अवमूल्यन के प्रति चिंता [Option ID = 3114]
3. समकालीन राजनीति के घृणित रूप का उद्घाटन [Option ID = 3115]
4. व्यक्तिगत विद्रोह और व्यवस्था परिवर्तन [Option ID = 3116]

80) 'पढ़े-लिखे दलित अपने वंशगोत्र को थोड़े संशोधन के साथ अपने नाम के साथ जोड़ने लगे हैं इन सबके पीछे 'पहचान' की तड़प है, जो 'जातिवाद' की घोर अमानवीयता के कारण प्रतिक्रियास्वरूप उपजी है ' यह विचार किसका है?

[Question ID = 780][Question Description = 180_1464_HIND_FEB22_Q80]

1. सूरजपाल चौहान [Option ID = 3117]
2. रत्न कुमार सांभरिया [Option ID = 3118]
3. ओमप्रकाश वाल्मीकि [Option ID = 3119]
4. मोहनदास नैमिशराय [Option ID = 3120]

81) ईदगाह से बाहर निकलने पर खिलौनों की दुकान से मोहसिन ने क्या ख़रीदा?[Question ID = 781][Question Description = 181_1464_HIND_FEB22_Q81]

1. वकील [Option ID = 3121]
2. भिश्ती [Option ID = 3122]
3. सिपाही [Option ID = 3123]
4. खंजरी [Option ID = 3124]

82) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'ठाकुर का कुआँ' कहानी की स्तियों से मेल नहीं खाता है?[Question ID = 782][Question Description = 182_1464_HIND_FEB22_Q82]

1. स्त्री दलित हो या सवर्ण, वह पुरुष की दासी थी [Option ID = 3125]
2. सवर्ण पुरुष अपने घर की स्तियों के काम को काम नहीं मानते थे [Option ID = 3126]
3. ऊंचे कहे जानेवाले लोग दलित स्तियों को कामुकता-भरी नज़र से देखते थे [Option ID = 3127]
4. सवर्ण घरों की स्तियाँ अपने घरों में पुरुषों पर हुक्म चलाती थीं [Option ID = 3128]

83) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रचना के आधार पर बनने वाले शब्दों में शामिल नहीं है?[Question ID = 783][Question Description = 183_1464_HIND_FEB22_Q83]

1. रूढ़ [Option ID = 3129]
2. यौगिक [Option ID = 3130]
3. समयौगिक [Option ID = 3131]
4. योगरूढ़ [Option ID = 3132]

84) 'वक्रोक्तिजीवित' ग्रन्थ के रचयिता हैं—[Question ID = 784][Question Description = 184_1464_HIND_FEB22_Q84]

1. कुंतक [Option ID = 3133]
2. मम्मट [Option ID = 3134]
3. क्षेमेन्द्र [Option ID = 3135]
4. महिम भट्ट [Option ID = 3136]

85) 'काव्यालंकार' में भामह ने वैदर्भ और गौडीय का उल्लेख किस अर्थ में किया है?[Question ID = 785][Question Description = 185_1464_HIND_FEB22_Q85]

1. रीति [Option ID = 3137]
2. काव्य-भेद [Option ID = 3138]
3. अलंकार [Option ID = 3139]
4. गुण [Option ID = 3140]

86) "ज्यों-ज्यों परसत लाल तन त्यों-त्यों राखै गोय

नवल वधू डर लाज तें इन्द्रबधू-सी होय "

इस दोहे में वर्णित नायिका है—

[Question ID = 786][Question Description = 186_1464_HIND_FEB22_Q86]

1. नवोढ़ा [Option ID = 3141]
2. विश्रब्धनवोढ़ा [Option ID = 3142]
3. आनन्द सम्मोहिता [Option ID = 3143]
4. रतिप्रीता [Option ID = 3144]

87) प्लेटो की दृष्टि में कला का प्रयोजन है—[Question ID = 787][Question Description = 187_1464_HIND_FEB22_Q87]

1. अनुकरण [Option ID = 3145]
2. व्यक्तिगत आनन्द [Option ID = 3146]
3. उपदेशरहित आनन्द [Option ID = 3147]
4. सामाजिकता [Option ID = 3148]

88) 'अभिव्यंजना का अनिर्वचनीय प्रकर्ष और वैशिष्ट्य उदात्त का लक्षण है ' यह विचार किसका है?

[Question ID = 788][Question Description = 188_1464_HIND_FEB22_Q88]

1. लौन्जाइनस [Option ID = 3149]
2. होरेस [Option ID = 3150]
3. मैथ्यू आर्नल्ड [Option ID = 3151]
4. प्लेटो [Option ID = 3152]

89) 'लिरिकल बैलेड्स' के दूसरे संस्करण में वड्र्सवर्थ ने क्या किया ?[Question ID = 789][Question Description = 189_1464_HIND_FEB22_Q89]

1. कविता संबंधी नवीन विचारों का प्रतिपादन किया [Option ID = 3153]
2. नव-आभिजात्यवादी आलोचकों के आक्षेपों का जवाब दिया [Option ID = 3154]
3. परंपरा और आधुनिक विचारों के तालमेल पर बल दिया [Option ID = 3155]
4. क्लैसिक रचना की बारीकियों को समझाया [Option ID = 3156]

90) नव-आभिजात्यवादी युग में काव्य-भाषा संबंधी विचार था—[Question ID = 790][Question Description = 190_1464_HIND_FEB22_Q90]

1. काव्य-भाषा दैनिक व्यवहार की भाषा से भिन्न अलंकृत भाषा हो [Option ID = 3157]
2. काव्य-भाषा अलंकृत, किन्तु सहज हो [Option ID = 3158]
3. काव्य-भाषा अलंकृत, बोधगम्य और भावोद्दीपन में समर्थ हो [Option ID = 3159]
4. काव्य-भाषा दैनिक जीवन में व्यवहृत भाषा हो [Option ID = 3160]

91) अभिव्यंजनावाद का विशद विवेचन किस ग्रन्थ में हुआ है?[Question ID = 791][Question Description = 191_1464_HIND_FEB22_Q91]
1. बायोग्राफिया लिटरेरिया [Option ID = 3161]
2. एस्थेटिक्स [Option ID = 3162]
3. वर्ल्ड लिटरेरी टर्म्स [Option ID = 3163]
4. द ग्रेट ट्रेडिशन [Option ID = 3164]

92) दलित आलोचक मानते हैं कि दलित साहित्य के मूल्याङ्कन के लिए -

[Question ID = 792][Question Description = 192_1464_HIND_FEB22_Q92]
1. पारंपरिक आलोचनात्मक मान उपयोगी हैं

   [Option ID = 3165]
2. आलोचना के प्रचलित सौन्दर्यशास्त्रीय निकष प्रासंगिक हैं

   [Option ID = 3166]
3. आलोचना के प्रचलित सौन्दर्यशास्त्रीय निकषों का निषेध करते हुए नए निकषों की रचना आवश्यक है

   [Option ID = 3167]
4. आलोचना के प्रचलित सौन्दर्यशास्त्रीय मानदंडों में किंचित सुधार ज़रूरी है

   [Option ID = 3168]

93) 'उत्तर-आधुनिकता' पद का पहली बार प्रयोग किसने किया था?

[Question ID = 793][Question Description = 193_1464_HIND_FEB22_Q93]
1. ल्योतार

   [Option ID = 3169]
2. अर्नाल्ड टायन्बी

   [Option ID = 3170]
3. देरिदा

   [Option ID = 3171]
4. फूको

   [Option ID = 3172]

94) 'बसंती हवा' किसकी कविता है?[Question ID = 794][Question Description = 194_1464_HIND_FEB22_Q94]
1. केदारनाथ अग्रवाल [Option ID = 3173]
2. केदारनाथ सिंह [Option ID = 3174]
3. केदारनाथ मिश्र प्रभात [Option ID = 3175]
4. नागार्जुन [Option ID = 3176]

95) 'एक पीली शाम' कविता का वर्ण्य विषय है—[Question ID = 795][Question Description = 195_1464_HIND_FEB22_Q95]
1. समाज से विरक्ति [Option ID = 3177]
2. अध्यात्म [Option ID = 3178]
3. करुणा और त्याग [Option ID = 3179]
4. प्रेम [Option ID = 3180]

96) निम्नलिखित कवियों को उनकी प्रवृत्तियों के साथ सुमेलित कीजिए :

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I	सूची -II
A. स्वामी हरिदास	I. सम्प्रदाय निरपेक्ष
B. मीराबाई	II. मधुरोपासक
C. अग्रदास	III. सूफी कवि
D. कासिमशाह	IV. रसिक संप्रदाय

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

[Question ID = 796][Question Description = 196_1464_HIND_FEB22_Q96]
1. A - II , B - I , C - IV, D - III [Option ID = 3181]
2. A - I, B - II, C - III, D - IV [Option ID = 3182]
3. A - III, B - IV, C - II, D - I [Option ID = 3183]
4. A - IV, B - III, C - I, D - II [Option ID = 3184]

97) निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :
सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I	सूची -II
A. सौ अजान एक सुजान	I. राधाकृष्ण दास
B. नि:सहाय हिन्दू	II. ईश्वरीदास कल्याणराय
C. वामा शिक्षक	III. बालकृष्ण भट्ट
D. प्रणयिनी परिणय	IV. किशोरीलाल गोस्वामी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

[Question ID = 797][Question Description = 197_1464_HIND_FEB22_Q97]
1. A - II , B - IV , C - III, D - I [Option ID = 3185]
2. A - I, B - II, C - IV, D - III [Option ID = 3186]
3. A - III, B - I, C - II, D - IV [Option ID = 3187]
4. A - IV, B - III, C - I, D - II [Option ID = 3188]

98) निम्नलिखित कृतियों को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :
सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I	सूची -II
A. तुलसीदास	I. 1936
B. सरोज-स्मृति	II. 1935
C. राम की शक्तिपूजा	III. 1937-38
D. अनामिका	IV. 1934

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

[Question ID = 798][Question Description = 198_1464_HIND_FEB22_Q98]
1. A - IV , B - II , C - I, D - III [Option ID = 3189]
2. A - I, B - III, C - IV, D - II [Option ID = 3190]
3. A - III, B - IV, C - II, D - I [Option ID = 3191]
4. A - II, B - I, C - III, D - IV [Option ID = 3192]

99) निम्नलिखित नाटककारों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I	सूची -II
A. उपेन्द्रनाथ अश्क	I. ऊसर
B. जगदीशचंद्र माथुर	II. अंजो दीदी
C. भुवनेश्वर	III. आठवां सर्ग
D. सुरेन्द्र वर्मा	IV. कोणार्क

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

[Question ID = 799][Question Description = 199_1464_HIND_FEB22_Q99]
1. A - I , B - II , C - III, D - IV [Option ID = 3193]
2. A - III, B - I, C - IV, D - II [Option ID = 3194]
3. A - IV, B - II, C - III, D - I [Option ID = 3195]
4. A - II, B - IV, C - I, D - III [Option ID = 3196]

100) निम्नलिखित संवादों को उनको बोलनेवाले पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I	सूची -II
A. समझदारी आने पर यौवन चला जाता है	I. चाणक्य
B. ओह् होह् होह् होह् ! फिर घर में कोई नहीं किन्नी ! ... होगी ही नहीं, जवाब कहाँ से दे	II. स्त्री
C. गूंगों के सिवा / और कौन बोलेगा मेरी जय	III. धृतराष्ट्र
D. इधर पंचगंगा घाट की सीढ़ियों पर हमें गुरुदीक्षा मिली	IV. कबीर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

[Question ID = 800][Question Description = 200_1464_HIND_FEB22_Q100]
1. A - II , B - I , C - IV, D - III [Option ID = 3197]
2. A - I, B - II, C - III, D - IV [Option ID = 3198]
3. A - IV, B - III, C - II, D - I [Option ID = 3199]
4. A - III, B - IV, C - I, D - II [Option ID = 3200]